D19(U-173) Roll No. ......................

# S.C.No.—D/19/2001502

## B. A. EXAMINATION, Dec. 2019

(Fifth Semester) (Main)

HINDI (COMPULSORY)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 80*

**नोट** : निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×6=12

(क) कितनी बार कितने जगमग जहाज

मुझे खींच कर ले गए हैं कितनी दूर

किन पराए देशों की बेदर्द हवाओं में

जहाँ नंगे अन्धेरों को और भी उघाड़ता रहता है

एक नंगा, तीखा, निर्मम प्रकाश,

जिसमें कोई प्रभा-मण्डल नहीं बनते ।

(ख) मंत्र पढ़े बाण से छूट गए तुम तो कनु, शेष रही मैं केवल

काँपती प्रत्यंचा-सी

अब भी जो बीत गया, उसी में बसी हुई

अब भी उन बाहों के छलावे में

कसी हुई ।

(ग) कृत-कृत नहीं हो पाए;

प्रत्युत फांसी पर गए फूल

कुछ ही दिन बीते हैं, फिर भी

यह दुनिया जिनको गई भूल-उनको प्रणाम

(घ) युद्ध की प्रतिध्वनि जगाकर

जो हजारों बार दुहराई गई

रक्त की विरुदावली कुछ और रंगकर

लोरियों के संग जो गाई गयी-उसी इतिहास की स्मृति

उसी संसार में लौटे हुए

ओ योद्धा, तुम कौन हो ?

2. धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय दीजिए । 1×8=8

**अथवा**

'उड़ चल हारिल' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

3. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 150-150 शब्दों में दीजिए : 4×4=16

(क) 'साँप' कविता के व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'गुलाम बनाने वाले' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'उसको प्रणाम' कविता का सन्देश स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'अकाल और उसके बाद' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) 'चक्रव्यूह' कविता में कवि ने क्या सन्देश दिया है ?

(च) 'वृक्ष हत्या' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

4. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×8=16

(क) छायावादी काव्य की विशेषताएँ बताइए ।

(ख) प्रगतिवादी हिन्दी कविता की प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए ।

(ग) प्रयोगवादी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

(घ) समकालीन कविता की विशेषताएँ लिखिए ।



5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 150-150 शब्दों में दीजिए : 2×5=10

(क) द्विवेदी युगीन काव्य में राष्ट्रीयता के भाव को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) छायावादी काव्य का प्रकृति-चित्रण स्पष्ट कीजिए ।

(ग) प्रगतिवादी काव्य में चित्रित शोषितों की दशा का वर्णन कीजिए ।

(घ) समकालीन कविता में चित्रित राजनीतिक-चेतना का उद्घाटन कीजिए ।

6. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) संक्षेपण शब्द का अर्थ और परिभाषा लिखिए ।

(ख) संक्षेपण की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ग) पल्लवन शब्द का अर्थ और परिभाषा लिखिए ।

(घ) पल्लवन और व्याख्या में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

7. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्न अनिवार्य हैं : 1×8=8

(क) 'कितनी नावों में कितनी बार' कविता के रचयिता का नाम लिखिए ।

(ख) 'यह दीप अकेला' कविता में 'दीप' किसका प्रतीक है ?

(ग) 'मंत्र गंध और [illegible]' कविता के रचयिता का नाम बताइये ।

(घ) कवि नागार्जुन का मूल नाम क्या था ?

(ङ) 'वृक्ष-हत्या' कविता में किस समस्या की चर्चा की है ?

(च) भारतेन्दु युग के किन्हीं दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए ।

(छ) छायावाद के चार स्तम्भ कौन हैं ?

(ज) अनौपचारिक पत्र किसे कहते हैं ?